प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती आज–भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा राज्यस्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के दिए निर्देश।
- ऑपरेशन शील्ड के तहत आज प्रदेश में मॉकड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास किया जायेगा।
- आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है– प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

00000

देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में कई कार्यक्रम किये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसी कड़ी में जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम में अहिल्या बाई होलकर पर आधारित नाटक का मंचन और संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। दोपहर बाद श्री नड्डा पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की जायेगी।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा देवी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले राजकीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं और बालिकाओं को राशि हस्तांतरित करेंगे। साथ ही वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। एक रिपोर्ट

0000

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज से 2 जून तक हनुमानगढ और बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोनों जिलों में अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री देवनानी आज हनुमानगढ में श्री खुशालदास विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर वे विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ समारोह को सम्बोधित भी करेंगे। श्री देवनानी हनुमानगढ के नोहर में 1 जून को शहीद हेमू कालानी की मूर्ति का अनावरण करने के साथ ही शहीद हेमू कालानी चौक का उद्‌घाटन कर आयोजित समारोह को सम्बोधित करेंगे।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कल उदयपुर में देवास परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के तीसरे और चौथे चरण के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने के लिए निर्देश दिये। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले साल ही इस परियोजना का शिलान्यास किया था। इस परियोजना में 1 हजार 690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो नए बांधों और सुरंगों के निर्माण का काम शामिल है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार परिवहन व्यवस्था को मजबूत सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। श्री शर्मा कल जयपुर में परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग तथा राज्य पथ परिवहन निगम की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोडवेज चालक, परिचालक सहित सभी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सेमिनारों में रोडवेज बस सुविधाओं के आधुनिकीकरण, सुव्यवस्थित परिवहन में सबकी भागीदारी, स्वच्छता और नियमों की पालना जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाए। श्री शर्मा ने पद का दुरूपयोग करने वाले कार्मिकों, ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

000

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण के रूप में 81 हजार 735 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त की स्वीकृति दे दी है। यह राशि दो जून को जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त से राज्य अपने पूंजीगत व्यय में तेजी ला सकेंगे और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्तपोषण कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह राशि कर हस्तांतरण की नियमित मासिक किस्त 81 हजार 735 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है, जो 10 जून को जारी की जाएगी।

0000

ऑपरेशन शील्ड के तहत आज प्रदेश के सभी जिलों में मॉकड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास किया जायेगा। इसके चलते मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कल जयपुर में ऑपरेशन शील्ड की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री पंत ने कहा कि अधिकारी सभी संचार माध्यमों और सायरनों को दुरुस्त कर संचार प्रणाली को मजबूत बनाये। साथ ही, पूर्व में आयोजित प्रथम मॉक ड्रिल से मिले अनुभवों के आधार पर अधिकारी स्वयं को वॉर सिचुएशन से निपटने के लिए और अधिक सक्षम बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सिविल डिफेंस नियंत्रक अपनी परिस्थितियों के अनुसार ड्रिल और ब्लैकआउट का समय निर्धारित करें। मॉक ड्रिल के दौरान रियल टाइम परिदृश्य तैयार करने तथा ब्लैकआउट के समय और स्थान को गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुरूप समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाने तथा नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

0000

सोशल मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनी फेक वायरल वीडियोज और भ्रामक ऑडियो वीडियो से अब जल्द ही निजात मिल सकेगी। केन्द्र सरकार के स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत आईआईटी जोधपुर ऐआई जनरेटेड फेक वीडियोज की पहचान के लिए एक यूनिट टूल डवलप कर रहा ह

0000

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। इस दिन तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाती है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है। इस अवसर पर राज्य में भी युवाओं को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं। भरतपुर मे आज से तंबाकू निषेध दिवस पखवाडा मनाया जा रहा है। 14 जून तक चलने वाले इस पखवाडे में आंगनबाडी केन्द्रो सहित सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जायेगी। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को तंबाकू मुक्ति का संदेश दिया जा रहा है

00000